राष्ट्रीय आवास बैंक
NATIONAL HOUSING BANK

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**प्रेस विज्ञप्ति**

**राष्ट्रीय आवास बैंक में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन**

राष्ट्रीय आवास बैंक 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मना रहा है। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह का विषय **'Independent India @75: Self Reliance with Integrity'** / **'स्वतत्र भारत@ 75: सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता'** है। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान, बैंक लोकहित प्रकटीकरण और मुखबिर संरक्षण संकल्प, 2004 (पीआईडीपीआई) के तहत उपलब्ध शिकायत प्रणाली पर लोगों को जागरुक करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन की शुरुआत श्री एस. के. होता, प्रबंध निदेशक एवं श्री विजय कुमार त्यागी, मुख्य सतर्कता अधिकारी, राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर बैंक के अधिकारियों को द्विभाषी में 'सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा' (अंग्रेजी और हिंदी में) दिलाने के साथ शुरू हुई।

श्री एस.के. होता, प्रबंध निदेशक ने अपने भाषण में कहा कि राष्ट्रीय आवास बैंक सशक्त मूल्यों एवं नैतिकता द्वारा अधिशासित एक संगठन है तथा हमेशा से उत्कृष्टता हासिल करने का प्रयास करता रहा है। राष्ट्रीय आवास बैंक के मुख्य सतर्कता अधिकारी ने इस बात पर जोर दिया कि प्रत्येक संगठन को तीन मूल तत्वों पारदर्शिता, प्रकटीकरण एवं अच्छे कॉरपोरेट अभिशासन परंपराओं को और बढ़ाना चाहिये।

आयोजन के दौरान, प्रबंध निदेशक द्वारा भारत पर्यावास केंद्र, लोधी रोड, नई दिल्ली में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के विषय को प्रदर्शित करने वाले एक कियोस्क तथा एक फोटो प्वाइंट का उद्घाटन किया गया। लोकहित प्रकटीकरण और मुखबिर संरक्षण संकल्प, 2004 (पीआईडीपीआई) के बारे में आम जनता को जागरुक करने के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक के सभी कार्यालयों में इस विषय से संबंधित बैनर प्रदर्शित किए गए हैं।

बैंक सतर्कता पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य के साथ इस आयोजन में सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये बैंक के अधिकारियों एवं उनके परिवारजनों हेतु ड्राइंग/पेंटिंग, स्लोगन लेखन तथा निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का भी आयोजन कर रहा है।

राष्ट्रीय आवास बैंक के अधिकारियों द्वारा प्रबंध निदेशक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी के नेतृत्व में ली गई सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021 के अवसर पर कियोस्क का उद्घाटन